दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू

सत्र: 2024-25

साप्ताहिक परीक्षा-1 (पुनरावृत्ति पत्रिका)

कक्षा तीसरी **विषयः हिंदी**

उपविषय: पाठ-1 देश बड़ा हो जाएगा (कविता), पाठ-2 चीची का पनीर

व्याकरण: भाषा, अपठित गद्यांश

खंड-क

निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

मोर एक सुंदर पक्षी है। इसे पक्षियों का राजा भी कहते हैं। इसलिए भारत सरकार ने मोर को राष्ट्रीय पक्षी माना है। मोर का शरीर दूसरे पक्षियों से भारी होता है इसलिए मोर आकाश में ऊँचा नहीं उड़ सकता है। मोर की गर्दन लंबी होती है और आँखें छोटी-छोटी होती हैं। इसके सिर पर सुंदर सी कलगी होती है। मोर के पखों पर आधे चाँद का निशान होता है लेकिन मोर के पैर बहुत ही भद्दे होते हैं। मोर कीड़े-मकोडे और दाने खाता है। मोर का नृत्य बड़ा ही मनमोहक होता है। मोर बादल को देखते ही थिरकने लगता है और बारिश होने पर मन को मोहने वाला नृत्य करने लगता है।

प्र•1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

1. मोर के सिर पर क्या होती है?

2. मोर का नृत्य कैसा होता है?

प्र•2) निम्नलिखित शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखिए।

1. आकाश- धरती, पवन, आसमान

2. आँख - तन नयन उपवन

प्र•3) निम्नलिखित वाक्यों के आगे सही या गलत का निशान लगाइए ।

1. मोर आकाश में ऊँचा उड़ सकता है। ( )

2. मोर कीड़े-मकोड़े और दाने खाता है। ( )

प्र•4) सही विकल्प चुनकर लिखिए ।

1. मोर के पैर कैसे होते हैं?

क) भद्दे ख) मनमोहक ग) सुंदर

2. मोर की गर्दन कैसी होती है?

क) छोटी ख) लंबी ग) भारी

खंड -ख

प्र•5) कोष्ठक में से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

क) हिंदी दिवस _________ को मनाया जाता है । (14 सितंबर/14 नवंबर)

ख) लिखने के ढंग को_________ कहते हैं। (अंग्रेजी / लिपि)

प्र•6) निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर भाषा के सही रूप लिखिए।

क) लड़का निबंध लिख रहा है। ______________

ख) बच्चे ने कक्षा में गीत सुनाया । __________

प्र•7) निम्नलिखित राज्यों में बोली जाने वाली भाषाएँ लिखिए।

क) महाराष्ट्र- _________

ख) बंगाल- _________

खंड- ग

प्र•8) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

क) चीची चूहे का क्या खाने का मन कर रहा था?

ख) गिन्नू की आँखों में आँसू क्यों आ गए?

प्र०9) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए।

क) कमज़ोर

ख) ज़िद

प्र•10) निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

क) रास्ते में चीची को अपने दोस्त ________ की याद आई ।

ख) चीची खुश होकर अपने ________ की ओर दौड़ा ।

प्र•11) निम्नलिखित प्रश्न के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए।

क) छोटू कौन था ?

अ) गिन्नू का बेटा ब) मीची का दोस्त स) चीची का दोस्त

प्र०12)निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए ।

क) नन्हा बीज __________

__________बन जाएगा।

ख) बिना रुके __________

_________ मिल जाएगा ।